<u>समाचार</u>

<u>निदान शिविरों का आयोजन निगम की संवेदनशील व सराहनीय पहल–राजस्व मंत्री</u>

<u>(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा जोन कार्यालय से निदान शिविर का किया शुभारंभ)</u>

कोरबा 15 फरवरी 2021 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि जनसमस्या निवारण शिविर ''निदान'' का आयोजन नगर निगम कोरबा की संवेदनशील व सराहनीय पहल हैं, शिविर में लोगो की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण होगा तथा लोग लाभान्वित होंगे। उन्होने आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि निगम के प्रत्येक जोन में निर्धारित तिथियों में लगने वाले शिविरों में वे पहुंचे, निगम कार्यो से संबंधित अपनी समस्याएं बताएं तथा उसका निदान पायें।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' के शुभारंभ अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 15 फरवरी से 03 मार्च 2021 तक जोन स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज पानी टंकी कोरबा स्थित कोरबा जोन कार्यालय में राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने निदान शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होने आगे कहा कि निश्चित रूप से आमजनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना हमारा प्रथम कर्तव्य है, राज्य सरकार भी जनसमस्याओं के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है तथा आमजनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने आगे कहा कि लोगों की समस्यओं का यथाशीघ्र निराकरण करना ही निदान शिविरों का एकमात्र उद्देश्य है, अतः निगम के जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी पूरी तत्परता के साथ शिविर को अच्छा प्रतिसाद दिलाने हेतु कार्य करें एवं लोगों की समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही करायें।

<u>शिविर का लाभ उठाएं, समस्या का निदान पायें</u>– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि नगर निगम कोरबा जनसमस्याओं के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण निदान शिविरों का आयोजन है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने भी जनसमस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है तथा जो भी व्यक्ति उनके समक्ष अपनी समस्या लेकर पहुंचता है, उसका वे यथासंभव त्वरित निराकरण कराते हैं। उन्होने आगे कहा कि निगम से संबंधित सभी कार्यो व सेवाओं से जुड़ी

समस्याओं का निराकरण शिविरों में होगा, अतः आमजन शिविर का लाभ उठाएं, अपनी समस्याएं बतायें एवं उनका निदान पायें।

समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रयास– इस अवसर पर आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने निदान शिविरों के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 15 फरवरी से 03 मार्च तक निर्धारित तिथियों में सभी जोन में जोन स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ''निदान '' आयोजित किए गए हैं, हमारा प्रयास रहेगा कि समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाए, जिन समस्याओं का मौके पर निराकरण संभव नहीं होगा, उनसे संबंधित आवेदनों को पंजीकृत कर क्रमशः उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

सायं 6.30 बजे तक लगेंगे शिविर– इस दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने सुझाव देते हुए कहा कि चूंकि कोरबा श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, अधिकांश लोग दिन के समय काम–धंधे पर निकले होते है, शाम साढ़े 5.00 बजे उनकी वापसी होती है, अतः उचित होगा कि शिविर का समय शाम 6.30 बजे तक रखा जाए ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें। राजस्व मंत्री के निर्देश पर निगम द्वारा आगे आयोजित होने वाले शिविरों का समय दोपहर 12.00 बजे से सायं 6.30 बजे तक रखा गया है।

काउंटर पर बैठकर जनसस्याएं सुनी राजस्व मंत्री ने– निदान शिविर में निगम के विभिन्न कार्यो से संबंधित समस्याओं को सुनने एवं आवेदन देने हेतु पृथक–पृथक काउंटर बनाए गए थे। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ काउंटर पर बैठकर लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना तथा उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होने शिविर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना की।

17 फरवरी को टी.पी.नगर जोन कार्यालय में शिविर–17 फरवरी को प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम टी.पी.नगर स्थित जोन कार्यालय में '' निदान '' शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 19 फरवरी को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में, 22 फरवरी को पं.रविशंकर शुक्ल जोन कार्यालयं में, 24 फरवरी को बालको जोन कार्यालय में, 26 फरवरी को दर्री जोन कार्यालय में, 01 मार्च को सर्वमंगला जोन कार्यालय में एवं 03 मार्च को बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में जनसमस्या निवारण शिविर ''निदान'' का आयोजन होगा।

इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, दिनेश सोनी, धरम निर्मले, रूप सिंह गोंड़, धनश्री साहू, एल्डरमेन बच्चू मखवानी, नगर पालिका दीपका की अध्यक्ष संतोषी दीवान, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सतेन्द्र वासन, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, जोन कमिश्नर एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, तपन तिवारी व राकेश मसीह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी, सुमित गुप्ता, गोयल सिंह विमल, रमेश सूर्यवंशी, भुवनेश्वर राज, हलीम शेख, राजेश यादव, मुस्लिम खान, विनोद सोनकर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)